हम नैन बिछाए है, हे गणपति आ जाओ।।

हम नैन बिछाए है,
हे गणपति आ जाओ ॥

गणपति तुम हो बड़े दयालु,
किरपा कर दो हे किरपालु,
हर सांस बुलाए है,
हे गणपति आ जाओ,
हम नैन बिछाए,
हे गणपति आ जाओ ॥

पाप की गठरी सर पे भारी,
हम को है बस आस तुम्हारी,
बड़ा मन घबराए है,
हे गणपति आ जाओ,
हम नैन बिछाए है,
हे गणपति आ जाओ ॥

जग से हमने तोडा नाता,
गणपति तुमसे जोड़ा नाता,
तुझे नैना निहारे है,
हे गणपति आ जाओ,
हम नैन बिछाए हैं,
हे गणपति आ जाओ ॥

माथे पर सिंदूर है प्यारा,
पीताम्बर है तन पर धारा,
सब आस लगाए है,
हे गणपति आ जाओ,
हम नैन बिछाए हैं,
हे गणपति आ जाओ ॥

" मंजीत सिंह "
पैड प्लेयर=9887203444

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/2917/title/ham-nain-bichaye-hai-he-ganpati-aa-jao-ganpati-tum-ho-bade-dyalu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |